**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 487**

**25 जून, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना**

**487. श्री देवजी एम॰ पटेलः**

**श्री अजय कुमारः**

**श्री पी॰पी॰ चौधरी**

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरेः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) आज तक पी॰एम॰ किसान योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज तक प्रत्येक किस्त में पी॰एम॰ किसान योजना के अंतर्गत वितरित निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ सभी किसानों को प्रदान करने का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पी॰एम॰ किसान योजना के विस्तृत रूप का ब्यौरा क्या है जो अब सभी किसानों को शामिल करेगी तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को पेंशन प्रदान करेगी तथा इस योजना में उक्त घटकों को शामिल करने के पश्चात योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार अपेक्षित संख्या कितनी है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)</u>**

**(क) एवं (ख)** पीएम-किसान पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकृत तथा अब तक स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

**(ग) एवं (घ)** जी,हां। सरकार ने देश भर में सभी किसानो की भू-जोतों के आकार को ध्यान में रखें बिना पीएम-किसान स्कीम का विस्तार किया है, जो अधिक आय वर्ग से संबंधित अन्य मौजूदा अपवर्जन मानदंडों के अध्यधीन है। देश में सभी पात्र किसानों की गिनती करने के प्रयोजनार्थ 2018-19 के लिए कृषि संगणना 2015-16 से संबधित भू-धारक किसानों की भू-जोतों के अनुमान इस्तेमाल में लाए गए हैं जिसके अनुसार देश में कुल अनुमानित भू-जोतों की संख्या 15,11,46,000 हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार

अनुमानों का विवरण **अनुबंध-।। (कॉलम-IV)** में दिया गया है। कुछ अपवादों के बाद, मूल स्कीम से जुड़े लाभार्थियों की संख्या के अुनसार छोटे और सीमांत किसान लाभार्थियों की कुल अनुमानित संख्या 12.50 करोड़ हो गई थी। इसी प्रकार संशोधित स्कीम के तहत लाभार्थियों की कुल अनुमानित संख्या 14.50 करोड़ हो गई है। शुरू में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए इस स्कीम के प्रयोजनार्थ 75000 करोड़ रूपए आवंटित किए गए थे। इस स्कीम का दायरा विस्तारित होने के साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए स्कीम से संबंधित अनुमानित खर्च को 217.50 करोड़ रूपए के प्रशासनिक प्रभारों सहित संशोधित करके 87,217.50 करोड़ रूपए कर दिया गया है।

इसके अलावा, सरकार ने कतिपय अपवर्जन खंडों के अध्यधीन देश में सभी छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक पेंशन स्कीम को मंजूरी दी है ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा सके क्योंकि वृद्घावस्था में आजीविका के संसाधन समाप्त होने के फलस्वरूप उनके पास अपना गुजारा करने के लिए मामूली अथवा नहीं के बराबर बचत होती है। इस स्कीम के तहत 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पात्र किसानों को प्रतिमाह न्यूनतम 3000/- रूपए दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह 18 से 40 वर्षों वाली आयु के व्यक्तियों के लिए एक अंशदायी एवं स्वैच्छिक स्कीम है। लाभार्थी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा संचालित पेंशन निधि में अंशदान देकर स्कीम का सदस्य बन सकता है। किसानों के पास यह विकल्प होता है कि वे पीएम-किसान स्कीम के खाते में सीधे प्राप्त लाभ में स्कीम में स्वैच्छिक अंशदान दे सकते हैं। केंद्र सरकार केन्द्रीय मासिक अंशदान का 50 प्रतिशत हिस्सा देगी। उदाहरण के लिए, यदि कोई लाभार्थी 29 वर्ष की अवस्था में पेंशन में प्रतिमाह 100 रूपए का अंशदान देता है तो केंद्र सरकार द्वारा उसी अनुपात में 100 रूपए का अंशदान दिया जाएगा। अंशदाता की मृत्यु होने पर अंशदाता का पति अथवा पत्नी/उनका वारिस स्कीम में अंशदान देने का कार्य जारी रख सकता है। पेंशन प्राप्त करने वाले किसानों की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी/पति पेंशन का 50 प्रतिशत हिस्सा पारिवारिक पेंशन के रूप में प्राप्त करने की हकदार होगी बशर्तें कि वे पहले से स्कीम के एसएमएस लाभार्थी न हों। 12.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों से संबंधित मूल पीएम-किसान डाटा पेंशन स्कीम के लिए लाभार्थियों की कुल संख्या को निर्धारित करने के प्रयोजनार्थ लिया गया है **(अनुबंध-।।, कॉलम-।।।)**। अपर्वजन के बाद, 18-40 वर्षों के निर्धारित आयु समूहों में निवल लाभार्थी लगभग 5 करोड़ किसान हो सकते है।

लो०स०अता०प्र०सं०487

**अनुबंध-I**

| राज्य | **पहली किस्त का भुगतान (लाभार्थियों की संख्या)** | **पहली किस्त का भुगतान (राशि) (रुपये में)** | **दूसरी किस्त का भुगतान (लाभार्थियों की संख्या)** | **दूसरी किस्त का भुगतान (राशि) (रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 10,004 | 20,008,000 | | 0 |
| आंध्र प्रदेश | 3,443,116 | 6,886,232,000 | 3,126,852 | 6,253,704,000 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | | 0 |
| असम | 1,119,983 | 2,239,966,000 | 1,029,438 | 2,058,876,000 |
| बिहार | 231,873 | 463,746,000 | 219,136 | 438,272,000 |
| चंडीगढ़ | 13 | 26,000 | | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 111,898 | 223,796,000 | 109,434 | 218,868,000 |
| दादरा और नगर हवेली | 5,322 | 10,644,000 | | 0 |
| दमन और दीव | 2,119 | 4,238,000 | | 0 |
| दिल्ली | 0 | 0 | | 0 |
| गोवा | 2,385 | 4,770,000 | 2,336 | 4,672,000 |
| गुजरात | 2,832,336 | 5,664,672,000 | 2,821,569 | 5,643,138,000 |
| हरियाणा | 942,052 | 1,884,104,000 | 935,929 | 1,871,858,000 |
| हिमाचल प्रदेश | 474,763 | 949,526,000 | 438,256 | 876,512,000 |
| जम्मू और कश्मीर | 497,204 | 994,408,000 | 459,593 | 919,186,000 |
| झारखंड | 470,307 | 940,614,000 | | 0 |
| कर्नाटक | 320,721 | 641,442,000 | 231,847 | 463,694,000 |
| केरल | 935,786 | 1,871,572,000 | 931,661 | 1,863,322,000 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 | | 0 |
| मध्य प्रदेश | 9,304 | 18,608,000 | | 0 |
| महाराष्ट्र | 2,129,137 | 4,258,274,000 | 1,418,119 | 2,836,238,000 |
| मणिपुर | 7,276 | 14,552,000 | | 0 |
| मेघालय | 76 | 152,000 | | 0 |
| मिजोरम | 24,410 | 48,820,000 | 11,931 | 23,862,000 |
| नागालैंड | 33,554 | 67,108,000 | 30,459 | 60,918,000 |
| ओडिशा | 962,115 | 1,924,230,000 | 799,293 | 1,598,586,000 |
| पुडुचेरी | 4,200 | 8,400,000 | | 0 |
| पंजाब | 1,275,440 | 2,550,880,000 | 1,144,648 | 2,289,296,000 |
| राजस्थान | 1,493,023 | 2,986,046,000 | | 0 |
| सिक्किम | | 0 | | 0 |
| तमिलनाडु | 2,148,504 | 4,297,008,000 | 2,063,192 | 4,126,384,000 |
| तेलंगाना | 2,110,887 | 4,221,774,000 | 1,858,210 | 3,716,420,000 |
| त्रिपुरा | 151,095 | 302,190,000 | 151,064 | 302,128,000 |
| उत्तर प्रदेश | 11,169,349 | 22,338,698,000 | 10,848,667 | 21,697,334,000 |
| उत्तराखंड | 396,646 | 793,292,000 | 327,434 | 654,868,000 |
| पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | **33,314,898** | **66,629,796,000** | **28,959,068** | **57,918,136,000** |

| **वर्ष 2018-19 के दौरान अनुमानित प्रचालनात्मक जोत** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र॰सं॰** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **अनुमानित जोत 2018-19** | |
| | | **छोटी व सीमांत जोतों की अनुमानित सं॰('000 संख्या में)** | **सभी जोतों की अनुमानित संख्या** |
| **I** | **II** | III | IV |
| **1** | **आंध्र प्रदेश** | 7756.78 | 9060.622 |
| **2** | **अरुणाचल प्रदेश** | 50.85 | 115.261 |
| **3** | **असम** | 2261.53 | 2752.922 |
| **4** | **बिहार** | 15716.21 | 17080.379 |
| **5** | **छत्तीसगढ़** | 3305.92 | 4145.911 |
| **6** | **गोवा** | 50.99 | 59.625 |
| **7** | **गुजरात** | 3693.82 | 5566.106 |
| **8** | **हरियाणा** | 1073.45 | 1644.072 |
| **9** | **हिमाचल प्रदेश** | 864.38 | 1021.356 |
| **10** | **जम्मू और कश्मीर** | 1299.34 | 1436.069 |
| **11** | **झारखंड** | 2205.61 | 2759.963 |
| **12** | **कर्नाटक** | 7098.51 | 9088.868 |
| **13** | **केरल** | 7373.87 | 7848.898 |
| **14** | **मध्य प्रदेश** | 8015.40 | 10805.149 |
| **15** | **महाराष्ट्र** | 11819.96 | 15100.885 |
| **16** | **मणिपुर** | 119.26 | 151.237 |
| **17** | **मेघालय** | 179.58 | 243.368 |
| **18** | **मिजोरम** | 68.62 | 90.239 |
| **19** | **नागालैंड** | 42.50 | 207.591 |
| **20** | **ओडिशा** | 4683.90 | 5057.212 |
| **21** | **पंजाब** | 358.50 | 1126.501 |
| **22** | **राजस्थान** | 5015.59 | 8211.322 |
| **23** | **सिक्किम** | 55.09 | 66.278 |
| **24** | **तमिलनाडु** | 6950.65 | 7902.531 |
| **25** | **तेलंगाना** | 5368.40 | 6322.237 |
| **26** | **त्रिपुरा** | 527.41 | 578.471 |
| **27** | **उत्तर प्रदेश** | 21481.58 | 24370.682 |
| **28** | **उत्तराखंड** | 765.21 | 874.070 |
| **29** | **पश्चिम बंगाल** | 6711.23 | 7356.557 |
| **30** | **अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह** | 7.55 | 12.126 |
| **31** | **चंडीगढ़** | 0.00 | 0.689 |
| **32** | **दादरा एवं नागर हवेली** | 11.96 | 15.337 |
| **33** | **दमन एवं दीव** | 7.48 | 8.321 |
| **34** | **दिल्ली** | 15.88 | 19.857 |
| **35** | **लक्षद्वीप** | 9.51 | 10.522 |
| **36** | **पुडुचेरी** | 31.35 | 34.764 |
| **अखिल भारत** | | **124999.05** | **151146.000** |

*******